Tele: 0532-2256762

# C.M.P. Degree College, Prayagraj

(A Constituent PG College of University of Allahabad)
DBT Star College, *M.G. Marg, Prayagraj- 211002*

Azadi Ka Amrit Mahotsav

## स्मार्टफोन वितरण की डिजी शक्ति योजना से सम्बंधित आवश्यक सूचना

**नोट: योजना की संपूर्ण जानकारी के लिए इस सूचना को ध्यान पूर्वक और अंत तक पढें।**

1. यह योजना सत्र 2022-23 के स्नातक (BA/BSc./BCom./BCA/BALLB/LLB), स्नातकोत्तर (MA/MSc./MCom./LLM) के Final Year के सभी छात्र एवं छात्राओं एवं सभी शोधार्थियों के लिए है।

2. इस योजना के तहत महाविद्यालय के द्वारा सभी छात्र एवं छात्राओं का डाटा पहले ही डिजी शक्ति पोर्टल पर (अक्टूबर 2023 में) अपलोड किया जा चुका है, अर्थात किसी भी छात्र या छात्रा को इस योजना के लिए अलग से कोई एप्लीकेशन फॉर्म नही भरना है।

3. इस योजना के तहत अभी तक महाविद्यालय को केवल सत्र 2022-23 के स्नातक (BA/BSc./BCom./BCA/BALLB/LLB) के Final Year के छात्र एवं छात्राओं को वितरण के लिए स्मार्टफोन प्राप्त हुआ है अर्थात अभी स्नातकोत्तर (MA/MSc./MCom./LLM) के छात्र - छात्राओं एवं शोधार्थियों को इस योजना के लिए परेशान होने की जरूरत नहीं है क्योंकि इन कक्षाओं के विद्यार्थिओं में वितरण हेतु स्मार्टफोन/टैबलेट प्राप्त होने पर इसकी सूचना पृथक रूप से दी जाएगी।

4. इस योजना के तहत महाविद्यालय द्वारा प्रथम चरण में, दिनांक 12/01/2024, दिन शुक्रवार, को सभी संकायों, BA/BSc./BCom./BCA/BALLB/LLB, से कुल मिलाकर 125 छात्र एवं छात्राओं को स्मार्टफोन का वितरण किया जा चुका है।

5. **<u>यह सूचना उन सभी छात्र एवं छात्राओं के लिए है जो स्मार्टफोन वितरण की प्रक्रिया समझना चाहते हैं:</u>**

   आप सभी को सूचित किया जाता है कि वितरण की पूरी प्रक्रिया **3-Steps** में विभाजित है।

   **1-Step** में आपकी एक संयुक्त सूची जारी की जायेगी और आपको एक निर्धारित तिथि पर सूची के अनुसार डॉक्यूमेंट्स वेरिफिकेशन के लिए बुलाया जाएगा ।

   **2-Step** में जिन छात्र एवं छात्राओं का डॉक्यूमेंट्स वेरिफिकेशन निर्धारित तिथि तक हो जायेगा उनको स्मार्टफोन लेने के लिए बुलाया जाएगा।

   **3-Step** में वितरण के दिन आपकी GPS-Tag वाली एक फोटो आपके स्मार्टफोन के साथ डिजी शक्ति पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा।

Tele: 0532-2256762

# C.M.P. Degree College, Prayagraj

(A Constituent PG College of University of Allahabad)
DBT Star College, *M.G. Marg, Prayagraj- 211002*

6. **डाक्यूमेंट्स वेरिफिकेशन की जानकारी:**
स्मार्टफोन के वितरण के लिए छात्र एवं छात्राओं का **डाक्यूमेंट्स वेरिफिकेशन** एक आवश्यक प्रक्रिया है। उ0प्र0 सरकार के आदेशानुसार इसके बिना किसी भी छात्र या छात्रा को स्मार्टफोन नहीं दिया जायेगा। डाक्यूमेंट्स वेरिफिकेशन की प्रक्रिया में आप सभी को एक वेरिफिकेशन फॉर्म भरकर निम्नलिखित डाक्यूमेंट्स के साथ अपना भौतिक सत्यापन करना है;
**1. आधार कार्ड** (सत्यापन के लिए मूल प्रति और एक स्व-सत्यापित फोटोकॉपी)
**2. अंतिम वर्ष (2022-23) की मार्कशीट** (सत्यापन के लिए मूल प्रति और एक स्व-सत्यापित फोटोकॉपी)
**3. अंतिम वर्ष का आईडी-कार्ड** (सत्यापन के लिए मूल प्रति और एक स्व-सत्यापित फोटोकॉपी)
**4. नवीनतम पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो फॉर्म पर चिपकाएँ**
**5. अंतिम वर्ष (2022-23) की सत्यापित Fee Receipt** की एक स्व-सत्यापित फोटोकॉपी

7. **यह सूचना उन सभी छात्र एवं छात्राओं के लिए है जिन्होंने 10 या 11 जनवरी 2024 को अपना वेरिफिकेशन करा लिया था लेकिन किसी व्यक्तिगत कारणों से 12 जनवरी 2024 को स्मार्टफोन प्राप्त नही कर पाए हैं:**
आप सभी को सूचित किया जाता है कि चूंकि आपने अपना वेरिफिकेशन निर्धारित तिथि में करा लिया था इसलिए आपको इसी वेबसाइट के माध्यम से सूचित करके एक निर्धारित तिथि पर बुलाकर स्मार्टफोन दे दिया जायेगा ।

8. **यह सूचना उन सभी छात्र एवं छात्राओं के लिए है जिनको प्रथम चरण के वितरण के लिए वेरिफिकेशन फॉर्म भेजा गया था लेकिन किसी कारणवश उनका वेरिफिकेशन 10 या 11 जनवरी 2024 को नही हो पाया था:**
आप सभी को सूचित किया जाता है कि वेरिफिकेशन की प्रक्रिया पुनः प्रारम्भ की जायेगी जिसकी सूचना आपको इसी वेबसाइट के माध्यम से दी जाएगी। सूचना उपलब्ध होने के बाद आप अपना वेरिफिकेशन महाविद्यालय में आकर करा सकते हैं।

9. **यह सूचना उन सभी छात्र एवं छात्राओं के लिए है जिनको प्रथम चरण के वितरण के लिए उनका फोन द्वारा वेरिफिकेशन कराया गया था लेकिन उनको कोई वेरिफिकेशन फॉर्म नही भेजा गया था और ना ही 10 या 11 जनवरी 2024 को वेरिफिकेशन के लिए बुलाया गया था:**

Tele: 0532-2256762

C.M.P. Degree College, Prayagraj

(A Constituent PG College of University of Allahabad)

DBT Star College, *M.G. Marg, Prayagraj- 211002*

आप सभी को सूचित किया जाता है आप सभी की सूची वेरिफिकेशन फॉर्म के साथ क्रमशः इसी वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी। उस सूची में आपका नाम एवं आपके पिता का नाम आपके नामांकन संख्या के साथ दिया गया होगा। आप अपना नाम पहचानकर सूची में निर्धारित तिथि पर महाविद्यालय में आकर अपना वेरिफिकेशन करा सकते हैं।

**10. यह सूचना उन सभी छात्र एवं छात्राओं के लिए है जिनको अभी तक वेरिफिकेशन के लिए महाविद्यालय द्वारा कोई फोन नही किया गया है और वो परेशान हैं कि उनका नंबर कब आएगा ? यह सूचना उन सभी छात्र एवं छात्राओं के लिए भी है जिनका फोन नंबर बदल गया है, या गायब हो गया है, या बंद हो गया है, या उनको नहीं पता है कि उनका कौन सा नंबर महाविद्यालय के डाटा में भरा गया था ?**:

आप सभी को सूचित किया जाता है कि महाविद्यालय की वितरण समिति ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया है कि आगे से किसी भी छात्र एवं छात्रा को वेरिफिकेशन फोन नहीं किया जाएगा और न ही व्यक्तिगत रूप से किसी भी छात्र एवं छात्रा को वेरिफिकेशन फॉर्म भेजा जायेगा। अतः आपको अपने फोन या फोन नंबर को लेकर परेशान होने की जरूरत नहीं है। आप सभी की संयुक्त सूची वेरिफिकेशन फॉर्म के साथ क्रमशः इसी वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी। उस संयुक्त सूची में आपका नाम एवं आपके पिता का नाम आपके नामांकन संख्या के साथ दिया गया होगा। आप अपना नाम पहचानकर सूची में निर्धारित तिथि पर महाविद्यालय में आकर अपना वेरिफिकेशन करा सकते हैं।

**11. यह सूचना उन सभी छात्र एवं छात्राओं के लिए है जो अपने आगे को पढ़ाई के लिए प्रयागराज से बाहर हैं और वो अपने वेरिफिकेशन के लिए चिन्तित हैं:**

आप सभी को सूचित किया जाता है कि स्मार्टफोन वितरण की डिजी शक्ति योजना उ0प्र0 सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। जिसमें उ0प्र0 सरकार द्वारा महाविद्यालय को सख्त निर्देश है कि लाभार्थी का डाक्यूमेंट्स वेरिफिकेशन करने के बाद ही स्मार्टफोन दिया जाए। डाक्यूमेंट्स वेरिफिकेशन के समय उ0प्र0 सरकार द्वारा प्रदत्त डिजी शक्ति योजना प्रोफॉर्मा पर आपका हस्ताक्षर कराया जाता है और उसी के आधार पर आपको स्मार्टफोन प्राप्त करने के लिए एक टोकन दिया जाता है। तथा स्मार्टफोन वितरण के दिन आपकी GPS-Tag वाली एक फोटो आपके स्मार्टफोन के साथ डिजी शक्ति पोर्टल पर अपलोड किया जाता है। अतः आप सभी को इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए महाविद्यालय में डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन एवं स्मार्टफोन प्राप्त करने के लिए स्वयं उपस्थित रहना अतिआवश्यक है। अर्थात उ0प्र0 सरकार के सख्त आदेशानुसार आपकी अनुपस्थिति में ना तो आपका डाक्यूमेंट्स वेरिफिकेशन होगा और ना ही आपको स्मार्टफोन दिया जायेगा।